नव भारत



5 फोगाट पर राजनीति हरियाणा चुनाव में लाभ दिला पाएगी?



6 कवि अशोक चक्रधर : अनेक विधाओं में धुरंधर



7 दिशाएं बदल सकती हैं आपकी किस्मत



8 पहलवान अमन ने ओलंपिक में लहराया तिरंगा

## एक नजर में



### सोमनाथन कैबिनेट सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली.** नरेंद्र मोदी सरकार ने शनिवार को 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी टीवी सोमनाथन को दो साल के कार्यकाल के लिए कैबिनेट सचिव नियुक्त किया. वह 1982 बैच के आईएएस अधिकारी राजीव गौबा का स्थान लेंगे, जिनका कैबिनेट सचिव के रूप में पांच साल का कार्यकाल अभूतपूर्व था. सोमनाथन को कैबिनेट सचिव के रूप में कार्यभार संभालने तक कैबिनेट सचिवालय में विशेष कर्तव्य अधिकारी के रूप में नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी.

### आतंकियों से मुठभेड़ में दो जवान शहीद

**जम्मू, 10 अगस्त.** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है. इस मुठभेड़ के दौरान अब तक दो जवान शहीद हो गए हैं जबकि तीन घायल हैं. जिन्हें इलाक के लिए अस्पताल ले जाया गया है. अनंतनाग के अहलान गगरमंडू इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी. अहलान इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ जारी है.

### अग्निवीरों से काफी उम्मीद : त्रिपाठी

**खोरधा.** अग्निवीर योजना को लेकर विपक्ष लगातार केंद्र की मोदी सरकार को घेरता आया है. विपक्ष के इन्हीं आरोपों को आज तगड़ा झटका उस समय लगा जब भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने अग्निवीर योजना की खूब तारीफ की. दरअसल, नौसेना प्रमुख ने ओडिशा में अग्निवीरों के चौथे बैच की पासिंग आउट परेड के दौरान अग्निवीर योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पहल अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है.

### 4 आतंकियों के स्केच जारी किए

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कठुआ जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में ढोक (मिट्टी के घर) में देखे गए चार आतंकवादियों के स्केच शनिवार को जारी किए और उनके बारे में पुख्ता जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की. इसके साथ ही आतंकियों की धरपकड़ के लिए जिले के वन क्षेत्र में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया.

### नड्डा ने किया तिरंगा यात्रा का शुभारंभ

**राजकोट.** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने शनिवार को राजकोट में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया. श्री नड्डा ने राजकोट के रेसकोर्स मैदान पर हजारों लोगों के उमंग-उत्साह और देशभक्ति से सराबोर माहौल के बीच तिरंगा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर सभा को संबोधित करते हुये कहा, गुजरात तपस्वी, संतों-महंतों, समाज सुधारकों, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों की भूमि है.

# बहनों को राखी का उपहार

## उपचुनाव से पहले विजयपुर पर सौगातों की बरसात

**1897** करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की | **1.29** करोड़ लाड़ली बहनों के अकाउंट में गए रुपये

**श्योपुर, 10 अगस्त. प्रदेश की लाडली बहनों के लिए आज का दिन काफी खास रहा. रक्षाबंधन से पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया. शनिवार को सीएम ने लाडली बहना योजना की 15वीं किस्त जारी कर दी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर से प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के अकाउंट में 1500 रुपये के हिसाब से 1897 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की है.**

लाडली बहना योजना की राशि के तौर पर 1250 रुपये और 250 रुपये रक्षाबंधन के लिए दिया गया है. मुख्यमंत्री शनिवार को श्योपुर जिले के विजयपुर में स्व सहायता समूह सम्मेलन और रक्षाबंधन उत्सव में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने सिंग क्लिक से लाड़ली बहनों के खाते में पैसे ट्रांसफर किए और अपनी शुभकामनाएं दी. इसके साथ ही 450 रुपये में गैस सिलेंडर योजना के तहत 25 लाख से ज्यादा महिलाओं के खाते में 52 करोड़ रुपये भी ट्रांसफर किए. श्योपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बहन और भाई के बीच का रिश्ता अटूट होता है. ऐसा लग रहा मानो आज ही राखी मन गई हो.

लाडली बहनों के खातों में 1250 रुपये के साथ रक्षा बंधन से पहले 250 रुपये अतिरिक्त दिए गए है. हमारी सरकार के इस फैसले से पूरे प्रदेश में माहौल बदला है. लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है. उज्वला योजना महिलाओं के नाम के सिंगल कनेक्शन के लिए 450 रुपये आज ही डाली गई है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे विरोधी कहते रहे कि योजना बंद हो जाएगी, लेकिन मैं कहता हूं बहनों के लिए चलने वाली सभी योजना चालू ही रहेंगी.




### सीएम ने मोनिया नृत्य में भांजी लाठियां

टीकमगढ़. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक के साथ जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया. इसी दौरान यादव समाज के लोगों द्वारा उनके स्वागत के लिए बरेदी नृत्य किया जा रहा था. इसे देख मुख्यमंत्री मोहन यादव खुद को रोक नहीं पाए और उन्होंने मोनिया नृत्य में शामिल होकर मोनिया नृत्य कर रहे युवकों से दो लाठियां अपने हाथों में थामी फिर करतब दिखाना शुरू कर दिया.

## एडिशनल एसपी की कार में कंटेनर ने मारी टक्कर

**ग्वालियर, 10 अगस्त.** घाटीगांव के समीप नेशनल हाइवे पर एडिशनल एसपी गजेंद्र वर्धमान की खड़ी कार में आज एक कंटेनर ने जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे कार में बैठे चालक पुलिस आरक्षक अजय वास्कले की मौत हो गई. इस दुर्घटना में एडिशनल एसपी तो बाल बाल बच गए लेकिन उनकी पत्नी और दो बच्चे घायल हैं. ग्वालियर से करीब 30 किलोमीटर दूर घाटीगांव थाना क्षेत्र के घाटीगांव बनखेड़ी मंदिर के पास एएसपी की कार पंचर हो गई थी.




नीरज चोपडा ने लगातार ओलंपिक में ऐतिहासिक पदक जीते!

# बोले मोदी-उजड़े परिवारों को बसाएंगे

## पीएम ने वायनाड में भूस्खलन प्रभावित इलाकों का किया हवाई सर्वेक्षण

**वायनाड/ नयी दिल्ली, 10 अगस्त (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल के वायनाड में भूस्खलन की तबाही से प्रभावित क्षेत्रों का शनिवार को हवाई सर्वेक्षण किया.मोदी सुबह नयी दिल्ली से केरल पहुंचे.**

इलाके के हवाई सर्वेक्षण के समय मोदी के साथ केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन भी थे.मोदी हवाई सर्वेक्षण के बाद आपदा प्रभावित इलाकों में खुद जाकर स्थिति का जायजा लेंगे.सूत्रों के अनुसार, मोदी वहां स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं पर बातचीत भी कर सकते हैं.

प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि हवाई सर्वेक्षण के दौरान मोदी ने उस इलाके का भी निरीक्षण किया, जहां से भूस्खलन शुरू हुआ था. उन्होंने पुंचिरिमट्टम, मुंडिकि और चूड़ालमाला इलाके का भी हवाई निरीक्षण किया.भावुक हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी से पूछा, कितने बच्चों ने अपने प्रियजनों को खोया है. प्रधानमंत्री मोदी क्षतिग्रस्त स्कूल को देखकर बहुत दुखी हुए. उन्होंने भूस्खलन पीड़ितों के पुनर्वास के बारे में मुख्यमंत्री से बात की.



जी.वी.एच.एस. स्कूल वेल्लारमाला में 582 छात्र थे. इनमें से 27 लापता बताए जा रहे हैं.प्रधानमंत्री ने स्कूल में 15 मिनट बिताए और नए स्कूल भवन की योजनाओं के बारे में जानकारी ली. पीएम मोदी ने भारतीय सेना द्वारा बनाए गए 190 फीट लंबे बेली ब्रिज का भी दौरा किया.

केन्द्र ने इलाके के दौरे के लिये एक अंतरमंत्रालीय दल भी भेजा है जो आठ अगस्त से दौरा कर प्रभावित इलाकों में नुकसान का जायजा ले रहा है. अधिकारियों के अनुसार, केन्द्रीय दल यह काम आज पूरा कर लेगा.केन्द्र ने केरल को राज्य आपदा राहत कोष के लिये 31 जुलाई को केन्द्रीय हिस्से के तौर पर 145.60 करोड़ रुपये जारी किये थे.

### राहुल ने वायनाड जाने के फैसले के लिए पीएम का आभार जताया



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केरल में भूस्खलन प्रभावित वायनाड का दौरा करने के फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और कहा कि उन्हें विश्वास है कि तबाही को देखते हुए वह इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करेंगे.गांधी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, धन्यवाद मोदी जी, भयानक त्रासदी का व्यक्तिगत रूप से जायजा लेने के लिए वायनाड आने के लिए. यह एक अच्छा फैसला है.उल्लेखनीय है कि गांधी ने अपने पूर्व संसदीय क्षेत्र में भूस्खलन की घटना के बाद पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया.

# 8 नई रेल परियोजनाओं को मंजूरी

## बिहार-झारखंड समेत पूर्वोत्तर के राज्यों को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली, 10 अगस्त. केंद्र सरकार ने आठ नई रेल लाइन परियोजनाओं को मंजूरी दी है. इनसे रेल यात्रा में सहजता, माल ढुलाई की लागत में कमी के साथ-साथ राज्यों के बीच संपर्क बढ़ाने में मदद मिलेगी. इसका सबसे ज्यादा फायदा बिहार, झारखंड, ओडिशा, बंगाल और महाराष्ट्र समेत पूर्वोत्तर के राज्यों को मिलेगा.**

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए सूचना- प्रसारण एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि



प्रस्तावित परियोजनाएं हाल में ही पारित बजट की नई परिकल्पना पूर्वोदय के अनुकूल है, जिसमें पूर्वोत्तर के राज्यों के विकास की विशेष चिंता की गई है. इससे आर्थिक विकास के साथ रोजगार में भी वृद्धि होगी.

### सामान ढुलाई की मात्रा भी बढ़ जाएगी

पूर्वोदय के अन्य राज्यों के संपर्क में वृद्धि होगी और बंदरगाह तक सामान की ढुलाई आसान होगी. इन रेल मार्गों से कृषि उत्पाद, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, स्टील, सीमेंट, बाक्साइट, ग्रेनाइट, चूना पत्थर, एल्यूमीनियम पाउडर एवं गिट्टी आदि का परिवहन आसान हो जाएगा.

## मंकीपॉक्स ने बढ़ाई डब्ल्युएचओ की चिंता

**नई दिल्ली, 10 अगस्त.** अफ्रीकी देशों कांगो, केन्या, रवांडा और युगांडा समेत दस देशों में इन दिनों मंकीपॉक्स वायरस का कहर देखने को मिल रहा है. एमपॉक्स के मामलों में चिंताजनक वृद्धि को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन इमरजेंसी बैठक बुलाई. डर है कि यह वायरस सभी अफ्रीकी देशों और दुनिया के अन्य देशों में भी फैल सकता है. कांगो में पिछले साल सितंबर से ही मंकीपॉक्स के मामलों में तेजी देखी जा रही है. इसकी वजह से कांगो के पड़ोसी देशों में नया स्ट्रेन भी पाया गया है, जिसने डब्ल्युएचओ की चिंता को बढ़ा दिया कि कहीं यह बीमारी दुनिया में स्वास्थ्य जोखिम ना पैदा कर दे.

# क्लीन प्लांट प्रोग्राम के लिए 1,700 करोड़ रुपए

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में आज 109 बीजों की किस्में जारी करेंगे

**नई दिल्ली, 10 अगस्त. केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 अगस्त संबंधित कार्यक्रम पर पत्रकार वार्ता की.**

श्री चौहान ने कहा की कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा। आज लगभग 50त्न लोगों को रोजगार कृषि क्षेत्र देता है. किसान अगर उत्पादक है तो सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है. किसान कुछ खरीदता है, उससे जीडीपी बढ़ती है. केंद्रीय कृषि व किसान



कल्याण मंत्री ने कहा की मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता किसान है. हम कहते रहे हैं कि किसानों की आय बढ़ाएंगे, कृषि क्षेत्र को मजबूत करेंगे और आय बढ़ाने का जो रोडमैप है. उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन लागत घटाना, कृषि उत्पाद का ठीक दाम देना, प्राकृतिक आपदा में नुकसान की क्षतिपूर्ति कृषि का विविधीकरण, केवल परंपरागत फसल नहीं, फल, फूल, औषधि, मधुमक्खी पालन, वैल्यू ऐडिशन. कच्चे माल से विभिन्न चीज बनाना

प्राकृतिक खेती, इन 6 आयामों पर हम मोदी जी के नेतृत्व में निरंतर काम कर रहे हैं.

### अलग एग्रो क्लाइमेटिक ज़ोन के लिए अलग किस्म

केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री ने कहा की हमारे वैज्ञानिकों ने अनुसंधान करके अधिक उत्पादन देने वाली, धान की ऐसी किस्म भी है, जिसमें 20प्र.श. कम पानी लगेगा. उत्पादन के साथ कीटों का कम प्रकोप हो, वो प्रयत्न भी किया गया है. श्री चौहान ने कहा की 11 अगस्त को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूसा, दिल्ली में 109 किस्मों को जारी करेंगे. अलग एग्रो क्लाइमेटिक ज़ोन के लिए अलग किस्म हैं. एरिया स्पेसिफिक फसलों के लिए बीजों की किस्म तैयार की गई है.

# भारत में कुछ बड़ा होने वाला है

## हिंडनबर्ग ने एक पोस्ट में किया खुलासा

**नई दिल्ली,10 अगस्त.अडानी ग्रुप की नींव हिलाकर रख देने वाले अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग ने एक बार फिर भारतीय बाजार में तहलका मचा दिया है. जहां हिंडनबर्ग ने भारत को लेकर शनिवार की सुबह एक बड़ी घोषणा की है.**

शनिवार की सुबह हिंडनबर्ग ने एक्स पर पोस्ट करते हुए एक और बड़े खुलासे का संकेत दिया है. जहां हिंडनबर्ग रिसर्च ने लिखा है कि भारत में जल्द ही कुछ बड़ा होने वाला है, हालांकि हिंडनबर्ग ने इस बारे में कुछ नहीं बताया है कि क्या और कौन सी बड़ी बात होने वाली है. कंपनी की इस पोस्ट को लेकर माना जा रहा है कि हिंडनबर्ग रिसर्च एक बार फिर किसी भारतीय कंपनी को लेकर बड़ा खुलासा करने वाली है.

आपको याद होगा कि अडानी ग्रुप पर 24 जनवरी 2023 को रिपोर्ट आने के बाद उनके सभी शेयरों में भारी गिरावट देखी जाने लगी थी. इसके बाद कंपनी के वैल्यूवेशन भी तेजी से गिर गया था. इससे उबरने में अडानी ग्रुप को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी. कहा जा रहा था कि इसके चलते अडानी ग्रुप की वैल्यूवेशन कुछ ही दिनों में 86 अरब डॉलर तक घट गई थी.

## महिला डॉक्टर मामले में 11 सदस्यीय कमेटी गठित

**कोलकाता, 10 अगस्त.** सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सेमिनार रूम से शुक्रवार सुबह एक जूनियर महिला डॉक्टर का अर्धनग्न शव बरामद हुआ. मृतक पोस्ट ग्रेजुएट की द्वितीय वर्ष की छात्रा थी. प्राथमिक जांच के अनुसार दुष्कर्म के बाद हत्या का अनुमान लगाया जा रहा है. अस्पताल प्रबंधन ने जांच के लिए 11 सदस्यीय कमेटी गठित की है. घटना से गुस्साए जूनियर डॉक्टरों ने काम बंद करके विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया. खबर मिलते ही राज्य के स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम और कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल स्वयं अस्पताल में पहुंचे.

**मध्यप्रदेश देश में अव्वल** | पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने जनजातीय सहरिया परिवारों के नए घर को देखा

# शिवपुरी में बनी देश में पहली पीएम जनमन कॉलोनी

**भोपाल, 10 अगस्त. मध्यप्रदेश और देश में शिवपुरी पहला शहर बना, जहां सर्वाधिक 4463 आवास पीएम जनमन कॉलोनी में सरकार ने जनजातीय हितग्राहियों को बनाकर दी है. एमपी में कुल 1,13,433 जनमन आवास स्वीकृत हुए थे. इनमें से 22,619 आवास बनाकर मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है.**

उडीसा 1620 आवासों के साथ दूसरे, छत्तीसगढ़ 526 अवास बनाकर तीसरे और राजस्थान 87 आवास बनाकर चौथे स्थान पर है. उक्त जानकारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने शनिवार को शिवपुरी जनपद पंचायत की हातौद, कोटा और डबिया ग्राम पंचायतों में बनी देश की पहली पीएम जनमन कॉलोनी का निरीक्षण किया. इस दौरान नए पीएम जनमन आवास में रहने वाले सहरिया जनजाति के हितग्राही परिवारों से चर्चा की.

पटेल ने बताया कि एमपी में शिवपुरी में सबसे ज्यादा 4443 आवास बने हैं, तो उसके बाद दूसरा उमरिया 3264, तीसरा शहडोल 3164, चौथा मंडला 2112 और पांचवे नबंर पर अनूपपुर 1891 आवास निर्माण के साथ है. पटेल ने बताया कि पीएम जनमन में एक लाख से अधिक आवासों में पहली किश्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगल क्लिक से दी थी.



प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महाअभियान शुरू होने के 23 दिन के भीतर ही शिवपुरी में पहला आवास बन गया था. 29 दिनों में छिंदवाड़ा में दूसरा आवास बना. उन्होंने हितग्राही सहरिया परिवारों से आग्रह किया कि पक्का घर मिलने के साथ ही बच्चों की पढ़ाई पर और ज्यादा ध्यान दें. सभी मिलकर सामाजिक कुरीतियों से लड़े और उनका त्याग करें. नशे की प्रवृत्ति को पनपने ना दें.

# स्कूल पर हमले में 100 की मौत

## शनिवार तड़के इजराइल ने किए 3 हमले

**गाजा, 10 अगस्त (वार्ता) गाजा शहर के एक स्कूल पर हुए इजरायली हमले में कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई जबकि दर्जनों अन्य घायल हो गए. यह जानकारी शनिवार को प्रेस टीवी ने टेलीग्राम पर दी. इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने भी कहा कि उसने गाजा शहर के एक स्कूल पर हवाई हमला किया उसने यह दावा दिया कि स्कूल में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के लड़ाके मौजूद थे.**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गाजा में युद्धविराम के लिए फ्रांस के समर्थन की पुष्टि की है, जिसका उद्देश्य सभी बंधकों को रिहा करना, गाजावासियों की रक्षा करना और बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता पहुंचाना है. यह जानकारी एलिसी पैलेस ने दी.

मैक्रों ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी, कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान ये टिप्पणी की. फोन पर चर्चा के दौरान, मैक्रों और दोनों अरब नेताओं ने दो-राज्य समाधान के आधार पर संकट का स्थायी और विश्वसनीय समाधान करने की दिशा में काम करना जारी रखने पर सहमति व्यक्त की.